Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:03 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:14 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 296 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 26 मई 2025



ऊप्स मोमेंट का शिकार होते-होते...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### एक हफ्ते में 750 कोरोना नए केस आए, दिल्ली में आंकड़ा 100 के करीब

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का बढ़ता संक्रमण एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ाने लगा है। देश में संक्रमण के मामलों में उछाल की खबरें आने लगी हैं। अलग-अलग राज्यों से प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक यहां कोरोना फिर से एक्टिव हो गया है।
देश में कोरोना के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक हफ्ते में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 305 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी। चिंता की बात यह है कि बीते सात दिनों में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सात दर्ज किया गया है। मरने वालों महाराष्ट्र के चार, केरल के दो और कर्नाटक का एक शख्स शामिल है। नए मामलों की बात करें तो बीते एक हफ्ते में (19 मई के बाद) सबसे ज्यादा 335 मामले केरल, 153 महाराष्ट्र, 99 दिल्ली, 76 गुजरात और 34 कर्नाटक में आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, 26 मई को सुबह 8:00 बजे देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1009 है।

### समाज कल्याण योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा

**भीमताल।** समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति उत्तराखंड सरकार के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार भीमताल में समाज कल्याण योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग और अन्य विभागों द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन उपयोगी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जो समाज के विभिन्न कमजोर वर्गों को ध्यान में रख के बनाई जाती है उनका लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक अवश्य पंहुचे। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के व्यक्ति का सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है, विभागों का दाईत्व है कि हर एक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पंहुचे।

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किया मालन पुल का लोकार्पण

कोटद्वार
हमारे संवाददाता

बाढ़ व भूकटाव से क्षतिग्रस्त हुआ 325 मीटर स्पान का मालन पुल 26.75 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। बाढ़ व कटाव को देखते हुए इसके सभी 12 पिलरों को वेल तकनीक से बनाया गया है। कोटद्वार भाबर के लोगों के लिए सोमवार का दिन राहत भरी खबर लेकर आया। मालन पुल का निर्माण पूरा होने के बाद आज विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने पुल का लोकार्पण कर दिया है। जिससे करीब दो साल से चली आ रही परेशानी से निजात मिल गई है। पुल



के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यहां आना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे नहीं पहुंच सके। उन्होंने जनता इंटर कॉलेज में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधन किया। सोमवार सुबह पुल पर पूजा अर्चना के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने रिबन काटकर पुल पर आवागमन शुरू करा दिया है। जिससे भाबर के साथ ही हरिद्वार और लालढांग क्षेत्र के लिए यात्री व अन्य वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। बता दें कि 13 जुलाई, 2023 को बाढ़ व भूकटाव से क्षतिग्रस्त हुआ 325 मीटर स्पान का मालन पुल 26.75 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। बाढ़ व कटाव को देखते हुए इसके सभी 12 पिलरों को वेल तकनीक से बनाया गया है। इससे पूर्व आईआईटी बीएचयू के वैज्ञानिकों की ओर से मालन पुल पर बढ़ते वाहनों के दबाव, नदी के बहाव को देखते हुए पुल के सभी 12 पिलरों को वेल (कुंआ) तकनीक से बनाने की संस्तुति की गई थी।

मालन पुल पर कुल 13 स्लैब थे। जिसमें एक स्लैब तब नदी में गिरने से टूट गया था। उसे नया बनाया गया। बाकी 12 स्लैब लिफ्ट व शिफ्ट तकनीक से हटाकर सुरक्षित रखे गए हैं। जिन्हें नए बने पिलरों पर शिफ्ट किया गया। एक स्लैब की लंबाई 25 मीटर व चौड़ाई करीब सात मीटर है। वजन भी 800 टन है, ऐसे में इन्हें दिल्ली मैट्रो पैनल की तर्ज पर लिफ्ट व शिफ्ट किया गया।

दिल्ली में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक

## यूसीसी: चार महीने में मिले डेढ़ लाख से अधिक आवेदन-धामी

नई दिल्ली
एजेंसी

सीएम धामी ने कहा, यूसीसी की प्रक्रिया को सुलभ और सहज बनाने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित किया गया है। ग्राम स्तर पर 14 हजार से अधिक जन सेवा केंद्र (सीएससी) को इससे जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रस्तुतीकरण दिया। कहा, यूसीसी लागू करने के लिए मजबूत सिस्टम का निर्माण किया गया है। चार महीने में डेढ़ लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। इसमें 98 प्रतिशत आवेदन गांवों से प्राप्त हुए हैं। सीएम धामी ने कहा, यूसीसी की प्रक्रिया को सुलभ और सहज बनाने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी विकसित किया गया है। ग्राम स्तर पर 14 हजार से अधिक जन सेवा केंद्र (सीएससी) को इससे जोड़ा गया है। पंजीकरण के समय आने वाली



परेशानियों को दूर करने के लिए ऑटो एस्केलेशन और ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम भी लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने यूसीसी लागू करने में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया। कहा, भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने दृष्टिपत्र में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू की गारंटी दी थी। जनादेश मिलने के बाद सरकार बनने के पहले दिन से ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए अपना कार्य प्रारंभ कर दिया। सीएम ने कहा, यूसीसी में सभी धर्म और समुदायों में बेटी को भी संपत्ति में समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही संपत्ति के अधिकार में बच्चों में किसी भी प्रकार का भेद नहीं किया गया है। प्राकृतिक संबंधों के आधार पर, लिव इन संबंधों में जन्मे बच्चों का भी संपत्ति में बराबर अधिकार माना जाएगा। बच्चों की संपत्ति में माता-पिता को भी अधिकार प्रदान किया गया है। जिससे बुजुर्गों की आर्थिक सुरक्षा मिलेगी।

## पीएम मोदी ने 'मन की बात' में हल्द्वानी निवासी जीवन चंद्र जोशी की आत्मनिर्भरता को साझा किया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी निवासी जीवन चंद्र जोशी की प्रेरणादायक कहानी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशभर के साथ साझा किया।

प्रधानमंत्री ने पहाड़ की निर्जीव वस्तुओं में अपनी कला से जान फूंकने वाले जोशी की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस, आत्मनिर्भरता और कला की सच्ची मिसाल है। 65 वर्षीय जीवन चंद्र जोशी हल्द्वानी के कटघरिया क्षेत्र के निवासी हैं। पोलियो से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने कभी अपनी शारीरिक असमर्थता को अपनी राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। जोशी पहाड़ी क्षेत्रों में पाए जाने वाले चीड़ के पेड़ की सूखी छाल — बगेट — पर कला का ऐसा अद्भुत प्रदर्शन करते हैं, जिसे देश ही नहीं, विदेशों में भी सराहा जा रहा है।उनकी इस अनूठी कला के लिए उन्हें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा सीनियर फेलोशिप से सम्मानित किया जा चुका है। वे भारत के पहले कलाकार हैं जिन्हें चीड़ की छाल पर कार्य के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान



प्राप्त हुआ।प्रधानमंत्री की सराहना से गौरवान्वित जीवन चंद्र जोशी को शुभकामनाएं देने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और नैनीताल सांसद अजय भट्ट भी उनके कला केंद्र पहुंचे। उन्होंने जोशी को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि उनकी किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान सरकार प्राथमिकता से करेगी।जीवन चंद्र जोशी आज न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि वे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। उनका जीवन सिखाता है कि कठिनाइयों के बीच भी लगन और मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे ग्राम योजनाओं से संबंधित स्तर तक कार्यक्रम

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आगामी 21 जून (शनिवार) 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस देशभर एवं विश्व स्तर पर मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय, जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की योजनाओं से संबंधित ग्राम स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी अनामिका द्वारा आदेश जारी करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा योग दिवस के आयोजन हेतु 10 प्रमुख गतिविधियों को सम्मिलित करते हुए रूपरेखा तैयार की गई है। भारत सरकार द्वारा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से इस अभियान को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। योग दिवस पर जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों तथा लाभार्थियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह बैठकें उन ग्राम पंचायतों में की जाएंगी जहां इन योजनाओं के अंतर्गत बैठकों से पूर्व परिसंपत्तियों की स्वच्छता एवं साफ.सफाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ हीए योग अभ्यास से पूर्व ही समिति की बैठकें पूर्ण कर ली जाएंगी ताकि कार्यक्रम की प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे 21 जून 2025 को आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेंए अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हों और योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

## वट सावित्री व्रत: महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना की

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वट सावित्री व्रत हिन्दू धर्म में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को किया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) के पेड़ की पूजा करती हैं। इस व्रत से जुड़ी मुख्य कथा सावित्री और सत्यवान की है, जो प्रेम, निष्ठा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। वट सावित्री व्रत एक खास व्रत है जो सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए रखती हैं। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को किया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बड़) वृक्ष की पूजा करती हैं और सावित्री की



तरह अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। सावित्री ने अपने तप, प्रेम और दृढ़ संकल्प से अपने पति को यमराज से वापस पाया था। इसी श्रद्धा और आस्था से महिलाएं यह व्रत करती हैं। यह व्रत पति-पत्नी के प्रेम और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है। आज नगर में महिलाओ ने लटूरिया बाबा मंदिर, बेल बाबा मंदिर सहित महानगर के सभी मंदिरो में महिलाओ ने पूजा अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की।



### हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब

आज सोमवती अमावस्या के अवसर पर हरिद्वार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पर गंगा में पावन डुबकी लगाई। साथ ही दान कर पुण्य अर्जित किया।

# समाजसेवियों के साथ अभद्रता पर नाराजगी, ज्ञापन सौंपा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में एस पी सिटी हल्द्वानी से मुलाक़ात कर पुलिस द्वारा समाजसेवियों के साथ अभद्र भाषा और अव्यवहारिक तरीके का व्यवहार किया गया था उसके विरोध में ज्ञापन दे कर नाराज़गी ज़ाहिर की, ज्ञापन में मांग की गई कि बागजाला निवासियों की समस्याओं के समाधान व सरकार से मांग करने के लिए भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पाण्डेय और अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी की देखरेख में बुद्धपार्क में चेतावनी रैली कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इस संबंध में सामाजिक लोगों द्वारा जन जागरूकता वह जनसंपर्क कर कार्यक्रम में पहुंचने की अपील के लिए भाजपा माले के जिला सचिव कैलाश पांडे व अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी द्वारा पेयजल बिजली सड़क व मालिकाना हक के अधिकारों की विस्तृत जानकारी के लिए समाजहित में संवैधानिक तरीके से लिखित पर्चा बांटा जा रहा था जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है तथा किसी भी तरह से संविधान विरोधी नहीं है ना कि लोगों को भड़काने व डराने के लिए है उपरोक्त कैलाश पांडे वह आनंद सिंह नेगी तथा अखिल भारतीय किसान महासभा के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्यों को साथ लेकर बागजाला व आसपास के गांव में भ्रमण कर रहे थे कि तभी अचानक पुलिस अधिकारियों सहित भारी पुलिस फोर्स के साथ आर ए एफ के जवान आकर खड़े हो गए इस फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने पांडे जी व नेगी जी द्वारा जनहित कार्य करने वालों के साथ अभद्र व अविवारिक भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यक्रम को तुरंत रोकने तथा बैनर पोस्टर प्ले कार्डों को हटाने का आदेश दे दिया जो कि किसी भी प्रकार से संवैधानिक नहीं है, उक्त क्षेत्र में पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है जो की अति आवश्यक है और लगातार होना भी चाहिए परंतु पुलिस द्वारा सत्यापन के नाम पर भारी भरकम फोर्स के साथ सत्यापन किया जाना समाज में भय और डर का वातावरण बनाया जा रहा है तथा नागरिकों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है जो की उचित नहीं है, उपरोक्त समाजसेवियों द्वारा गांव की पेयजल सड़क विकास, निर्माण कार्य पर लगी रोग को हटाने की मांग के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन (चेतावनी रैली) के आयोजन की तैयारी के लिए पर्चे बाँटे जा रहा थे जो कि किसी भी तरह से असंवैधानिक नहीं है महोदय उपरोक्त प्रकरण से समाजसेवीयों में गहरा रोष व्याप्त है, आपसे निवेदन है कि भविष्य में इसकी पुर्नवृत्ती न हो इसके लिए उक्त कार्यक्रम की वीडियो देखकर स्वत: संज्ञान से मामले की जाँच कर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें हल्द्वानी 26 मई 2025 को जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में एस पी सिटी हल्द्वानी से मुलाक़ात कर पुलिस द्वारा समाजसेवीयों के साथ अभद्र भाषा और अव्यवहारिक तरीके से वार्ता की गई उसके विरोध में ज्ञापन दे कर नाराज़गी ज़ाहिर की, ज्ञापन में मांग की गई कि बागजाला निवासियों की समस्याओं के समाधान व सरकार से मांग करने के लिए भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पाण्डेय और अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी की देखरेख में बुद्धपार्क में चेतावनी रैली कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इस संबंध में सामाजिक लोगों द्वारा जन जागरूकता वह जनसंपर्क कर कार्यक्रम में पहुंचने की अपील के लिए भाजपा माले के जिला सचिव कैलाश पांडे व अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी द्वारा पेयजल बिजली सड़क व मालिकाना हक के अधिकारों की विस्तृत जानकारी के लिए समाज हित में संवैधानिक तरीके से लिखित पर्चा बांटा जा रहा था जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है।

कार्यक्रम में जी आर टम्टा, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, आर पी गंगोला, सुन्दरलाल बौद्ध, कैलाश पाण्डेय, हरीश लोधी, पी आर टम्टा, सुलेमान मलिक, कमाल अहमद, जीवन चंद्र आर्य, खीम चंद्र आर्य उपस्थित थे।

## शोधार्थियों ने किया शोध परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को आंतरिक शोध परियोजना (केयूआईएफ आर) के तृतीय चरण के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के शोधार्थियों द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी समिति के समक्ष अपनी शोध परियोजनाओं का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस चरण में कुल 34 शोध परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया।

बता दें कि यह पहल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की एक विशेष अनुसंधानोन्मुख योजना है जिसका उद्देश्य संकाय सदस्यों को शोध परियोजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया। मूल्यांकन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की। इस अवसर पर भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलूरु के वैज्ञानिक प्रो. पार्थ मंडल, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पाण्डेय तथा शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. नंद गोपाल साहू, डॉ. मनीषा त्रिपाठी, डॉ महेश कुमार तथा डॉ. दीपक कुमार उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. रावत ने अपने संबोधन में कहा कि अब विश्वविद्यालय में शोध कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं रहेगी और शोध को हर प्रकार की बाधा से मुक्त वातावरण में प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने शोधार्थियों को अभिनव, समाजोपयोगी तथा बहु.विषयक शोध विषयों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन की दिशा में गंभीर प्रयास करने का आह्वान किया।


प्रो रावत ने कहा कि कि वर्ष 2023 के बाद से विश्वविद्यालय में न केवल शोध प्रकाशनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है बल्कि उनकी गुणवत्ता में भी निरंतर सुधार देखने को मिला है। संकाय सदस्य शोध कार्यों के प्रति अत्यधिक प्रेरित हैं और यह सकारात्मक रुझान विश्वविद्यालय की अकादमिक साख को सुदृढ़ बना रहा है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि योग्य शोधों को पेटेंट कराया जाना चाहिए जिससे शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त हों और विश्वविद्यालय की नवाचार क्षमता को वैश्विक मान्यता प्राप्त हो।

## सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवार को 50 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का फैसला

नैनीताल

हमारे संवाददाता



सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को न्यायालय ने 50 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का फैसला सुनाया है यह आदेश इंश्योरेंस कंपनी इफ को टोकियो के खिलाफ दिया गया है।

बता दें कि मार्च 2022 में हल्द्वानी के निलियम कॉलोनी निवासी गीता देवी ने अपने अधिवक्ता पी सी जोशी व नीलेश भट्ट के माध्यम से जिला न्यायालय में याचिका दाखिल करते हुए बताया की याचिकर्ता गीता देवी के पति चारु चंद्र बृजवासी हल्द्वानी स्थित रैकेट इंडिया कंपनी में पीएसआर पद पर कार्यरत थे और 12 मार्च 2022 को कंपनी कार्य से मुनस्यारी से पिथौरागढ़ की ओर जा रहे थे इस दौरान वाहन चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते खिरचना पुल कनालीछीना के पास वाहन गहरी खाई में गिर गयाए जिससे मौके पर ही उनके पति की मौत हो गई पिथौरागढ़ पुलिस ने दुर्घटना का कारण वाहन के आगे अचानक जानवर आ जाना बताया और फाइनल रिपोर्ट लगा जिसके बाद पत्नी ने न्यायालय का रुख किया।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि वह उनके तीन बच्चे और मृतक की मां पूरी तरह से मृतक पर निर्भर थे तथ्यों और साक्ष्यों के गहन परीक्षण के बाद जिला जज सुबीर कुमार ने संबंधित इंश्योरेंस कंपनी इफ को टोकियो को आदेश दिया कि वे याचिकाकर्ता गीता देवी उनके बच्चों और मृतक की मां को ब्याज सहित कुल 50 लाख 52 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान करें।

## NEWS / फटाफट

### नगर आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**हल्द्वानी।** इंदिरा नगर छोटी रोड बरसाती निषाद मेमोरियल स्कूल के ठीक सामने पिछले कई दिनों से भीषण गंदगी फैली है। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के प्रयास व उनके अनुरोध पर नगर निगम की आयुक्त महोदिया वह सहायक नगर आयुक्त सहित कई विभागों के अधिकारियों ने मोके कर निरीक्षण किया जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिया की एक-दो दिन में यहां के नालियां वह नाले व सड़क पर फैली भीषण गंदगी को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए दो-तीन दिन पहले की यह बात है। पर नगर निगम के किसी भी अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी ने नगर आयुक्त के आदेश का पालन नहीं किया। आज सुबह हुई हल्की सी बरसात में नालियों बना लो का भीषण गंदा पानी सड़क पर बहने लगा लोगों का लोगों को आने जाने वह अपने घरों से सड़क पर आने में कठिनाइयां होने लगी अभी यहां सड़क पर भीषण गंदगी फैली है नालियों बना लो का गंदा पानी इंदिरानगर छोटी सड़क पर बह रहा है। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया कि वह जल्द से जल्द यहां की सड़क पर फैली भीषण गंदगी को हटवाने का प्रयास करें. ताकि यहां के लोगों को राहत मिल सके लोग आने-जाने में असमर्थ है। स्कूल में पढ़ने वाले और नमाज और मंदिर में जाने वाले लोग इस भीषण गंदगी से होकर गुजर रहे हैं और शकील अहमद सलमानी ने कहा कि जल्द से जल्द सफाई ना हुई तो वह जनता को साथ लेकर सड़कों पर आएंगे।

### ग्रीष्मकालीन प्रवास पर राजभवन नैनीताल पहुंचे राज्यपाल



**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) शनिवार को ग्रीष्मकालीन प्रवास पर राजभवन नैनीताल पहुंचे। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से मंडल एवं जिले के विकास कार्यों सहित कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी भी ली। राजभवन पहुंचने पर आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

### जिला बार, कुमाऊं विश्वविद्यालय और पीडब्ल्यूडी ने अपने-अपने मैच जीत अगले चक्र में किया प्रवेश

**नैनीताल।** हाई कोर्ट ऑफिशल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित 13 वी क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शनिवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में बार एसोसिएशन ने एन यू जे (आई) को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एन यू जे (आई) की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 125 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में खेलते हुए बार एसोसिएशन की टीम ने लक्ष्य को 10 ओवर में प्राप्त कर लिया। दूसरे मैच में हाई कोर्ट एंड महाधिवक्ता कार्यालय और कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम आमने-सामने थी। जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित ओवरों में 142 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में खेलते हुए हाई कोर्ट एंड महाधिवक्ता कार्यालय की टीम 133 रन पास सीमट गई। तीसरा मुकाबला पॉलिटेक्निक और लोक निर्माण विभाग की टीम के मध्य खेला गया।जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए लोक निर्माण विभाग की टीम ने पॉलिटेक्निक को 122 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पॉलिटेक्निक की टीम मात्र 70 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता के दौरान जगन चौधरी दीप कुमार निर्णायक रहे।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पोर्टल पर डाल दी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिये पंचायत निर्वाचक नामावलियों में नाम खोजने की सुविधा राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के मतदाता सूची पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गयी है।

पंचायतों के मतदाता अपना नाम आयोग के उक्त पोर्टल पर ''पंचायत मतदाता खोजे'' पर क्लिक कर खोज सकते है। आयोग द्वारा घर-घर जाकर कराये गये विस्तृत पुनरीक्षण के अनुसार 17 जनवरी 2025 को अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं के नाम खोजे जा सकते है, जिन मतदाताओं के नाम कतिपय कारणों से निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन में सम्मिलित होने से रह गये वह मतदाताओं के नाम आयोग द्वारा 1 मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में ग्रामवार बैठक बुलाकर निर्वाचक नामावली प्रकाशित करने हेतु चलाये गये विशेष अभियान के समय व उसके बाद भी ग्राम पंचायत के संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु उपलब्ध कराये गये आवेदनों पर जनपद द्वारा आयोग से स्वीकृति प्राप्ति के बाद उक्त पोर्टल पर खोजे जा सकेंगे। डीएम ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपदों के माध्यम से प्रयास किये गये है कि किसी भी पात्र निर्वाचक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से ना छूटे तथा अभी भी पात्र मतदाता अपने निकटतम विकास खण्ड अथवा तहसील कार्यालय में प्रपत्र भरकर नाम जोड़ने/संशोधन करने हेतु आवेदन कर सकते है।

## राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अपने नैनीताल प्रवास के दौरान सोमवार को ऐतिहासिक गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

राज्यपाल के आगमन पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे स्थलों पर आकर एक विशेष प्रकार की आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के प्रत्येक तीर्थ स्थल की अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक पहचान है जो न केवल मन को शांति प्रदान करती है बल्कि आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार भी करती है।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## भ्रष्टाचार की अमरबेल

***भ्रष्टाचार की जड़ों की गहराई का अंदाजा लगाना भी कठिन है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत धांधली का खुलासा तब हुआ जब हरिद्वार में पोर्टल पर हाजिरी लगाते हुए सर्दियों में स्वेटर पहने हुए फोटो मई के महीने में फर्जी डाल दिये गये। यही नहीं भ्रष्टाचार ने लोगों को अंधा कर दिया है। फोटो में महिलाएं हैं और हाजिरी पुरुषों की लगाई गई। ग्राम विकास अधिकारी और रोजगार सेवक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। भ्रष्टाचार के हर मामले में सरकार जांच की कार्रवाई करके कर्तव्य की इतिश्री समझ लेती है।***

भ्रष्टाचार को अनैतिक और अपराध माना जाता है। सरकार हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करती है। उत्तराखंड में सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति यानि भ्रष्टाचार शून्य राज्य की घोषणा की। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई की, लेकिन भ्रष्टाचार अमरबेल की तरह खत्म नहीं हुआ। भ्रष्टाचार हमारी व्यवस्था में नासूर बन चुका है। राज्य में पिछले तीन साल में डेढ़ सौ भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। पूर्व आईएफएस आरबीएस रावत, आईएएस अधिकारी राम विलास यादव जैसे बड़े अधिकारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सरकारी विभागों की भर्ती में नकल के मामले में कई दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया। नकल विरोधी कानून के तहत संगठित गिरोह व दलालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई है। सरकार की सख्ती के बाद भी भ्रष्टाचारी बेखौफ हैं। एक तरह से तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कहावत चरितार्थ हो रही है। नैनीताल में मुख्य कोषाधिकारी और अकाउंटेंट को एक लाख 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। कार्यालय में रिश्वत लेते गिरफ्तार करने के बाद विजिलेंस की टीम ने आरोपियों के घर पर छापामारी भी की। मुख्य कोषाधिकारी ने किसी सामान्य व्यक्ति से रिश्वत नहीं मांगी थी, बल्कि नैनीताल न्यायालय में कार्यरत व्यक्ति है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामान्य व्यक्ति का काम तो बिना रिश्वत के असंभव है। भ्रष्टाचार की जड़ों की गहराई का अंदाजा लगाना भी कठिन है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत धांधली का खुलासा तब हुआ जब हरिद्वार में पोर्टल पर हाजिरी लगाते हुए सर्दियों में स्वेटर पहने हुए फोटो मई के महीने में फर्जी डाल दिये गये। यही नहीं भ्रष्टाचार ने लोगों को अंधा कर दिया है। फोटो में महिलाएं हैं और हाजिरी पुरुषों की लगाई गई। ग्राम विकास अधिकारी और रोजगार सेवक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। भ्रष्टाचार के हर मामले में सरकार जांच की कार्रवाई करके कर्तव्य की इतिश्री समझ लेती है। कटु सत्य यह है कि अधिकारियों को राजनीति के लिए इस्तेमाल किये जाने से नौकरशाही कर्तव्य विमुख हो गई है। प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारी सार्वजनिक रूप से लोगों से कहें कि किसी भी विभाग में उनके सही कार्य को करने के लिए अधिकारी अथवा कर्मचारी चक्कर कटवाते हैं और रिश्वत मांगते हैं तो सीधे शिकायत करें, शिकायत पर अमल होगा तो भ्रष्टाचारी डरेंगे।

# देर रात दो समुदायों के बीच तनाव, मारपीट व पथराव

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



बनभूलपुरा के गांधीनगर इलाके में मामूली बात पर रविवार देर रात दो समुदायों के बीच तनाव उस समय भड़क गया, जब एक युवक द्वारा बच्चे को थप्पड़ मारने की घटना के बाद विवाद मारपीट और फिर पथराव में बदल गया। इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति को नियंत्रण में लिया और एक बड़ी घटना टाल दी। फिलहाल हालात सामान्य हैं, लेकिन एहतियातन क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी गई है। रात करीब 9:30 बजे लाइन नंबर आठ का रहने वाला एक युवक नशे की हालत में गांधीनगर इलाके में टहल रहा था। इसी बीच सड़क पर खेल रहे एक बच्चे को नशेड़ी युवक ने थप्पड़ मार दिया। रोते हुए बच्चे ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिससे वे आक्रोशित हो गए और इकट्ठा होकर युवक को पकड़कर पीट दिया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए।

कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और फिर पथराव शुरू हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पथराव में दो लोग घायल हो गए। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए तत्काल वनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी मौके पर पहुंचे। और वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद शहर के कई थानों की फोर्स मौके पर भेजी गई। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए,सी ओ नितिन लोहनी,सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी,कोतवाल राजेश कुमार यादव अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बवाल में शामिल चार से पांच लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती कर दी गई है। खुफिया विभाग को भी अलर्ट कर दिया गया है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। सी ओ नितिन लोहनी ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि शहर की फिजा खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों केखिलाफ के मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

## 2 जून होने जा रहे चुनाव को चुनावी अधिसूचना जारी

**नैनीताल** । नगर निकाय कर्मचारी महासंघ शाखा नगर पालिका परिषद नैनीताल के आगामी 2 जून (सोमवार) को होने जा रहे चुनाव के लिए चुनावी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। चुनावी अधिसूचना जारी होते ही अब संभावित प्रत्याशियों ने अंदरखाने अपना चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है। चुनाव के लिए नामित किए गए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार खोलिया के मुताबिक महासंघ की नवीन कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव तथा उप सचिव पदों पर निर्वाचन किया जाएगा। बताया कि 27 मई (मंगलवार) को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा जबकि इसी दिन सुबह 10.30 बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक नामांकन पत्र दाखिल हो सकेंगे। इसी क्रम में 28 मई (बुधवार) को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न दो बजे तक नाम वापसी होगी जबकि इसी दिन शाम को तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा।

## पुलिस की कार्रवाई से मकान मालिकों में हड़कंप, बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



कोतवाली पुलिस का बाहरी लोगों के खिलाफ सत्यापन अभियान के दौरान हड़कंप मच गया है। पुलिस ने दस बाहरी लोगों का पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाई करते हुए चेतावनी दी है जिस जगह पर रहते हो, वहां से सत्यापन की कार्रवाई करा कर जमा करें। इसके साथ ही पुलिस ने मकान मालिकों को भी चेतावनी दी कि पुलिस के बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर कार्रवाई की जाएगी। रविवार को एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र प्रीत विहार कालोनी में सत्यापन की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने किराएदारों का सत्यापन के साथ ही जगह जगह रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन किया। पुलिस ने बिना सत्यापन के रह रहे दस लोगों का पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाई की। साथ ही चेतावनी दी है अपने मूल स्थान से संबंधित थाना पुलिस से सत्यापन करा कर कागजात जमा कराएं। एसएसआई ने बताया कि अभियान के दौरान 10 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि संबंधित चौकी प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं कि अपने अपने क्षेत्रों में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन अभियान चलाएं। संदिग्धों पर भी कार्रवाई करें। मकान मालिकों को भी बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। टीम में एसआई दीपक बहुगुणा,एसआई नवीन जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे। बता दें कि एसएसपी के निर्देश पर जनपद में पुलिस का बाहरी लोगों का सत्यापन अभियान चल रहा है।

# फिल्मी दुनिया

## ऊप्स मोमेंट का शिकार होते-होते बचीं आलिया भट्ट





*कान फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने रेड कार्पेट पर कुछ ऐसा कर दिया जिसके बाद हर तरफ उनकी सूझबूझ और स्टाइल की तारीफ हो रही है। अभिनेत्री के वीडियोज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में शिरकत करके एक बार फिर भारत की तरफ से ब्यूटी, एलिगेंस और स्टाइल को रिप्रेजेंट किया है। इस दौरान आलिया के साथ ऊप्स मोमेंट भी होने वाला था लेकिन उन्होंने अपनी चतुराई से ना सिर्फ आपदा को संभाला बल्कि उसे अवसर में बदलकर सभी को इंप्रेस कर दिया। रेड कार्पेट पर आलिया ने जब अपने गले पर हाथ रखा और मुस्कराते हुए पोज दिया, तो हर किसी को लगा कि यह कोई नया पोज है। लेकिन बाद में पता चला कि आलिया का नेकलेस अचानक खुल गया था और गिरने ही वाला था। आलिया ने तुरंत समझदारी दिखाते हुए उसे अपने हाथ से रोके रखा और कुछ इसी अंदाज में पोज दिया कि किसी को पता तक नहीं चला कि कुछ गड़बड़ हुई है। आलिया भट्ट ने इस खास मौके पर गुच्ची के एक साड़ी से इंस्पायर हुए लुक को चुना। यह लुक न्यूड शेड में था, जिसमें एक डीप नेक ब्लाउज, स्ट्रेट स्कर्ट और एक दुपट्टा स्टाइल ड्रेप शामिल था, जिसे फैशन स्टाइलिस्ट रिया कपूर ने स्टाइल किया था।*

### लुक में डायमंड ने लगाए चार चांद

*वहीं उनके गहनों की बात करें तो उन्होंने मलाबार गोल्ड और डायमंड्स के हेल्प से बने खास विक्टोरियन स्टाइल नेकलेस को पहना था, जिसे रिया कपूर और माइन डायमंड्स ने मिलकर रीडिजाइन किया था। इसी गहने की वजह से आलिया ऊप्स मोमेंट का शिकार हो सकती थीं लेकिन उन्होंने संभलते हुए अपने आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया।*

## एक घटना में नाबालिग के साथ ढाबा संचालक व दूसरी में नाबालिग के पिता पर दुष्कर्म का आरोप

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मुखानी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की दो दिल दहलाने वाली घटनाओं ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। मुखानी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में एक नाबालिग के साथ ढाबा संचालक द्वारा और दूसरी घटना में एक नाबालिग के पिता द्वारा दुष्कर्म का आरोप लगा है। दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज कर लिए हैं और एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

पहले मामले में, एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोप ढाबा संचालक राहुल कुमार (25 वर्ष, निवासी शीतलाखेत, अल्मोड़ा) पर लगा है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राहुल ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और कई महीनों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बीते दिन जब नाबालिग ने पेट दर्द की शिकायत की, तो उसे अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि वह छह माह की गर्भवती है। इस खुलासे के बाद मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज की। मुखानी थाने के एसओ दिनेश जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा। दूसरे मामले में, एक 13 वर्षीय सातवीं कक्षा की छात्रा ने अपने ही पिता पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसओ दिनेश जोशी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही है। इन दोनों घटनाओं ने स्थानीय समुदाय में आक्रोश और दहशत पैदा कर दी है। लोग नाबालिगों के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जता रहे हैं और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोनों मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

News कॉर्नर

## युवक को चार पांच लोगों ने घेरा, तमंचे की बट से पीटा, फायर करने का आरोप

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक युवक ने चार पांच लोगों पर घेराबंदी कर उस पर तमंचे की बट से हमला कर फायर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बाद में हमलावर हवा तमंचे लहराते हुए भाग गए। प्रेमपाल पुत्र श्री नेतराम निवासी आजाद नगर वार्ड नंबर 7 ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को बताया 24 मई 2025 को घर से लगभग 10 बजे रात को शमशान घाट शिवनगर बाजार से घरेलू सामान लेने गया था। करीब 10ः30 बजे शमशान घाट शराब ठेके के पास पहुंचा तो चार पाँच अज्ञात लड़कों ने घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। हमलावरों पर गर्दन में तमन्चे की बट और लात-घूसो से मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह बडी मुशकिल से अपनी जान बचाई। बताया कि हमलावरों में से एक ने भागते भागते तमन्चे से हवाई फायर भी किया और हवा में तमन्चे लहराते हुए भाग गये। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

## ग्राफिक एरा में धूमधाम से मनाया अफ्रीका डे

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में रविवार को अफ्रीका डे धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में यूनिवर्सिटी के अफ्रीकी छात्र समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ केक काटने किया गया। विभिन्न अफ्रीकी देशों के छात्रों ने अपने-अपने राष्ट्रीय गान गाकर तथा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पहेलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। भावनात्मक नृत्य प्रस्तुतियों और प्रेरणादायक भाषणों ने कार्यक्रम में गहराई और गरिमा प्रदान की।

# गांधी पार्क का डिजाईन हुआ फाईनल, सीएम धामी जल्द करेंगे शिलान्यास

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गांधी पार्क के प्रस्तावित सौंदर्यीकरण के लिए कवायद तेज हो गयी है। जिला विकास प्राधिकरण के कार्यालय में महापौर विकास शर्मा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में गांधी पार्क के नये डिजाईन को फाईनल करके अंतिम रूप दिया गया।

जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, प्राधिकरण के सचिव जय किशन, उपाध्यक्ष पंकज उपाध्याय सहित अन्य अधिकारियों ने गांधी पार्क के नये डिजाईन पर व्यापक



चर्चा की और डिजाईन को अंतिम रूप दिया। महापौर विकास शर्मा ने गांधी पार्क को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए डिजाईन में कुछ बदलाव भी किये। लंबी चर्चा के बाद डिजाईन को फाईनल किया गया। महापौर ने बताया कि गांधी पार्क को भव्य और आकर्षक बनाने का सपना जल्द ही साकार होने जा रहा है। इसके लिए 5 करोड 50 लाख की डीपीआर तैयार हो चुकी है। इसका डिजाईन भी फाईनल कर दिया गया है । जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्यक्रम लेकर गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया जायेगा।

गांधी पार्क को भव्य और सुंदर बनाने के लिए इसमें कई बदलाव किये जा रहे हैं। गांधी पार्क में 70 प्रतिशत एरिया ओपन रहेगा। जिसमें सुंदर और आकर्षक पेड़ पौधे लगाये जायेंगे। पार्क में महिलाओं के लिए ओपन जिम, बच्चों के लिए प्लेईंग जोन, बास्केट बॉल ग्राउण्ड, सिंथेटिक ट्रैक, योगा पार्क के साथ साथ बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था की जायेगी। गांधी पार्क में आकर्षक गेट लगाने के साथ ही बाउण्ड्री वॉल को भी ऊंचा किया जायेगा। गांधी पार्क के दोनों तरफ पार्किंग की भी व्यवस्था की जायेगी। गांधी पार्क के रख रखाव के भी पुख्ता प्रबंध किये जायेंगे।उन्होंने कहा कि गांधी पार्क पिछले कई दशकों से उपेक्षित था। इसके सौंदर्यीकरण का लोगों को लम्बे समय से इंतजार था अब यह इंतजार खत्म होने जा रहा है। प्राधिकरण के सचिव जयकिशन ने कहा कि गांधी पार्क का डिजाईन भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। गांधी पार्क में ओपन एरिया के साथ ही कई थीम बेस कार्य भी कराये जायेंगे। सीरियर सिटीजन के लिए भी अलग से एरिया होगा। उन्होंने कहा कि गांधी पार्क सौंदर्यीकरण एक ड्रीम प्रोजेक्ट है इसका नया स्वरूप शहरवासियों के लिए बड़ी सौगात होगा।

# पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा के साथ तस्कर दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर पुलिस टीम ने प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी के मार्गदर्शन, सीओ सिटी प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कल्याणी पुल के पास पहुंची। इसी बीच पुल के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देख वह छिपने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम पवन कोली उर्फ दागिया पुत्र स्व रामनारायण निवासी रम्पुरा वार्ड 24 रुद्रपुर बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीने



**कार्रवाई**

- पुल के पास बेचने की फिराक में बैठा था, मुकदमा दर्ज

इन्जेक्शन बरामद किया गये। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में प्रभारी रम्पुरा चौकी प्रदीप कुमार कोहली,एसआई प्रियांशु जोशी, महेश राम,महेंद्र कुमार,विजय पाल आदि शामिल रहे। इधर सीटों सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन समेत गोलियां बरामद की।

उन्होंने बताया कि वह बेचने के साथ साथ स्वयं भी इस्तेमाल करता है। नशे के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# ट्रांजिट कैंप के श्मशान घाट रोड पर ताबड़तोड़ फायरिंग लोगों में दहशत का माहौल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र श्मशान घाट रोड पर बीती रात हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत का माहौल है और लोगों में आक्रोश भी है। फायरिंग करने वाले बाईकों पर सवार हथियारबंद थे। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। हालांकि पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगे हैं। घटना स्थल के आस देशों शराब की दुकान भी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात श्मशान घाट रोड पर बाईकों पर सवार होकर आए हथियारबंद बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना ने कालोनी में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हथियारबंद बाईकों पर थे। घटना के बाद वह लोग मौके से फरार हो गए। लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि फायरिंग की सूचना पर थाने से पुलिस पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद



**घटना**

- बाईकों पर सवार होकर आए हैं हथियारबंद बदमाश, मौके पर पहुंची पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे
- लोगों ने पुलिस तैनाती की उठाई मांग, घटना स्थल के पास है देशी शराब की दुकान

लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। घटना को लेकर लोगों में रोष है। लोगों का कहना था कि यहां पर जुआ और सट्टे का धंधा चलता है और आएं दिन मारपीट होती है। ट्रांजिट कैंप थाने के प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस जांच कर रही।

# उत्तराखंड के पेंचक सिलाट खिलाड़ियों ने लहराया परचम, खेलो इंडिया बीच गेम्स में जीते 6 पदक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

19 से 24 मई तक दमन और दीव के घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण में उत्तराखंड की पेंचक सिलाट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 रजत पदक और 3 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।खेलो इंडिया बीच गेम्स का यह पहला संस्करण स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। खिलाड़ियों के प्रदेश लौटने का इंतज़ार पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के समस्त पदाधिकारी एवम् खेल प्रेमी कर रहे हैं। सभी का प्रदेश वापसी पर जोरदार स्वागत और सम्मान किया जाएगा।

पदक विजेता खिलाड़ी- 1. दीपक सिंह - रजत पदक, टैंडिंग (80-85 किग्रा)
2. गायत्री नेगी - रजत पदक, टैंडिंग (45-50 किग्रा) 3. ईशु भारती - रजत पदक, टैंडिंग (50-55 किग्रा) 4. रीता भंडारी - कांस्य पदक, टैंडिंग (60-65 किग्रा) 5. कार्तिक पटेल - कांस्य पदक, टैंडिंग (40-45 किग्रा) 6. यशोधन राणा - कांस्य पदक, टैंडिंग (85-90 किग्रा)

उत्तराखंड टीम की मुख्य कोच शारीका पटेल और मैनेजर राकेश के नेतृत्व में टीम ने बीच गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड स्पोर्ट्स विभाग से टीम चीफ डी मिशन राशिका सिद्धिकी और ऑफिसियल निर्मला पंत के निर्देशन में टीम ने पदक जीते। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के जनरल सेक्रेटरी बब्लू दिवाकर ने बताया कि खेलो इंडिया बीच गेम्स का यह पहला संस्करण था जिसमें उत्तराखंड ने अपना दबदबा कायम रखा। खिलाड़ियों की मेहनत और लगन से मिली सफलता प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड सहित समस्त भारत के पेंचक सिलाट खेल के खिलाड़ी और प्रशिक्षक का प्रतिनिधित्व कर रहे इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के डायरेक्टर मोहम्मद इकबाल का विशेष आभार व्यक्त करते हैं।



# स्कूटी रपटने से दो युवक चोटिल

**नैनीताल ।** नगर में रविवार को स्कूटी रपटने से दो युवक चोटिल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक दो युवक स्कूटी से मां नयना देवी मंदिर की ओर जा रहे थे। डीएसबी कॉलेज मार्ग पर स्कूटी रपटने से दोनों चोटिल हो गए। जिन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के बाद दोनों युवकों को छुट्टी दे दी गई।

# पुलिस कर्मी के घर में घुसा चोर, सीढ़ियों में लगा शीशा टूटने पर चोर घायल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

राज्य की सीमा से सटी शारदा कालोनी में एक पुलिस कर्मी के बंद घर में चोर ने धावा बोल दिया। चोर ने घर के जीने में लगा शीशा तोड़ दिया इस दौरान वह बुरी तरह घायल हो गया। शीशा टूटने की आवाज सुन कर पड़ोसियों ने मकान मालिक को सूचना दी। परिजन और पड़ोसी जब घर के अंदर पहुंचे तो चोर को घर के बाथरूम में पकड़ लिया गया। उसे घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक विक्रम सिंह रावत उत्तराखंड पुलिस में कांस्टेबल है और इस समय ड्यूटी चार धाम यात्र के लिए रूद्रप्रयाग में लगी है। शनिवार की रात उनकी पत्नी पार्वती रावत भी घर में नहीं थी वह मायके गयी हुई थी। रविवार सुबह विक्रम रावत के घर से धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसियों को संदेह हुआ। उन्होंने इसकी सूचना पर्वती को दी। जिस पर पार्वती और उनके रिश्तेदार घर पहुंचे। घर के मेन गेट में ताला लगा था। ताला तोड़कर अंदर का नजारा देखा तो सभी लोग दंग रह गये। दो मंजिले मकान के पूरे जीने में कांच ही कांच बिखरा हुआ था। लोगों ने दूसरी मंजिल में जाकर देखा तो बाथरूम में एक चोर घायल अवस्था में छुपा हुआ था। जीने की रैलिंग कांच की थी। जिसे घर में घुसे चोर ने बुरी तरह तोड़ दिया। कांच तोड़ने के दौरान ही वह घायल हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चोर को अस्पताल भेजा गया। पुलिस कर्मी के घर में चोर घुसने की जानकारी मिलने पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। फिलहाल घर से किसी भी तरह की चोरी होने की जानकारी नहीं मिली है। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि मामला यूपी का है और वहां पुलिस चोर को पकड़ कर ले गई।

# पुलिस ने पिथौरागढ़ निवासी युवक को ब्लैकमेल के आरोप में गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

खटीमा पुलिस ने एक युवक की आत्महत्या के पेचीदा मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मृतक को पिथौरागढ़ का एक युवक लगातार ब्लैकमेल कर पैसे वसूल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक 19 मई, 2025 को संजय कुमार ने कोतवाली खटीमा में एक तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 13 मई, 2025 को उन्हें सूचना मिली कि उनके छोटे भाई गौरव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिवार ने गौरव की मृत्यु को स्वाभाविक मानकर अंतिम संस्कार कर दिया,लेकिन कुछ दिनों बाद, ओमान में गौरव के साथ काम करने वाले उसके साथियों ने संजय को बताया कि गौरव बहुत परेशान था और गौरव से कोई रुपए की मांग रहा था। बाद



में संजय कुमार ने अपने दिवंगत भाई गौरव का मोबाइल फोन देखा तो आशंका तब पुष्ट हो गई जब उन्होंने एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप संदेशों की एक श्रृंखला देखी। उसमें बार-बार पैसे की मांग की जा रही थी। मोबाइल में मिली चैट से स्पष्ट रूप से पता चला कि गौरव इन लगातार मांगों के कारण अत्यधिक मानसिक दबाव में था, जिसके कारण उसने अपनी जान लेने का दुखद फैसला किया। पुलिस ने इस मामले में पुख्ता सबूत के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस जांच से आरोपी तक पहुंची। एसएसपी ने खुलासा के लिए पुलिस टीमें गठित की। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन की बारीकी से जांच की, जिससे व्हाट्सएप पर बार-बार पैसे की मांग की पुष्टि हुई। पुलिस की जांच में गौरव ने ऑनलाइन माध्यम से बड़ी रकम स्थानांतरित की थी। जो 10 मई, 2025 को 15,000, 11 मई, 2025 को 15,000, और 12 मई, 2025 को 10,000 एक ऑनलाइन खाते में। इन लेनदेन से जुड़े मोबाइल नंबर का पता लगाने पर, पुलिस ने इसकी पहचान दिलीप सिंह बोहरा, पुत्र स्वर्गीय केदार सिंह बोहरा, निवासी चंडाक, कोतवाली पिथौरागढ़ के रूप में की।पुलिस ने दिलीप सिंह बोहरा उर्फ दीपक बोहरा से पूछताछ को बुलाया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान, बोहरा ने अपना अपराध कबूल किया और उसने पुलिस को बताया गौरव की पत्नी की कुछ निजी तस्वीरें और वीडियो भेजे थे। निजी तस्वीरें और वीडियो भेज कर उसे ब्लैकमेल कर पैसे वसूलना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी,प्रभारी चौकी चकरपुर विकास कुमार,शांत लाल आदि शामिल रहे।